प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
अस्थाई प्रखण्ड डीडीहाट।

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

पत्रांक 298 / ग्रा0नि0वि0 / स्पष्टीकरण / 2024—25, दिनांक: 25/06/24

**विषय—** **जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड डीडीहाट में मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 314 / 2018 में डीडीहाट (ग्राम ननपापों) में हैलीपैड निर्माण हेतु 0.15 हे0 वन पंचायत भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग अस्थाई प्रखण्ड डीडीहाट को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय पत्रांक 8070 / 12—1 दिनांक 07.06.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से आप द्वारा निम्न बिन्दुओं पर आख्या चाही गयी है।

**1.** उक्त मार्ग का निर्माण कब किया गया?

**2.** उक्त मार्ग के निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम ,1980 के अन्तर्गत स्वीकृति प्राप्त की गयी है अथवा नहीं, यदि नहीं तो उक्त मार्ग के निमार्ण हेतु किस स्तर से स्वीकृति ली गयी है?

उपरोक्त बिन्दुओं के क्रम में अवगत कराना है कि इस प्रखण्ड द्वारा विकासखण्ड डीडीहाट के ग्राम ननपापों में हैलीपैड निर्माण कार्य हेतु अनुबन्ध गठित किया गया है जिसमें मार्ग निर्माण का कोई प्राविधान नहीं है वर्तमान में उक्त कार्यस्थल के वन भूमि हस्तान्तरण की कार्यवाही गतिमान है। इस संबंध में अवगत करना है कि उक्त मार्ग का निर्माण इस प्रखण्ड द्वारा नहीं किया गया है और न ही इस प्रखण्ड को उक्त मार्ग के निर्माण से सम्बन्धित कोई सूचना प्राप्त है। उक्तानुसार सूचना सादर प्रेषित।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
अस्थाई प्रखण्ड डीडीहाट।